(२) शर्करा खण्ड खाद्यादि दधि क्षीर घृतादिभिः। आहारैर्भक्ष्य भोज्यैश्च नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम् ।।

⊙ तीन बार जल छोड़े—

ओम् नैवेद्यान्ते पानीयं जलं समर्पयामि। उत्तरापोशनं समर्पयामि ।।

ओम् एलो शीर लवंगादि कर्पूर परिवासितम्। प्राशनार्थम् कृतं तोयं गृहाण परमेश्वर ।।

⊙ ऋतु फल—

ओम् याः फलिनीर्या ऽ अफला ऽ अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः ।

ओम् बृहस्पति प्रसूतास्तानो मुञ्चन्त्व ऊ ह सः ।।

⊙ दोनों हाथ की अनामिका (तीसरी अंगुली—जिसमें पैंती पहनी है) में चन्दन लगा कर—अंगूठे के सहारे प्रतिमा पर उस चन्दन को छिड़क दे—मन्त्र पढ़े—

⊙ करोद्वर्तन—

ओम् करोद्वर्तनार्थे गन्धं समर्पयामि।

नानासुगन्धिद्रव्यं च चन्दनं कुंकुमान्वितम्। करोद्वर्तनं मया दत्तं गृहाण परमेश्वर ।।

⊙ पान-सुपारी—

१४६ ओम् उतस्मास्य द्रवतस्तु रण्यतः पर्णन्नवे रनुवाति प्रगर्धिनः ।

श्येनस्येव ध्रजतो अङ्क सम्परि दधिक्राव्णः सहोर्जात रित्रतः स्वाहा ।।

⊙ दक्षिणाद्रव्य—

ओम् हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् ।
सदाधार पृथिवीन्द्यामुते माम् कस्मै देवाय हविषा विधेम ।।

⊙ मन्त्रपुष्पांजलि—फूल लेकर हाथ जोड़ ले—मन्त्र पढ़कर फूल चढ़ा दे—

ओम् यज्ञ ेन यज्ञ मयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमा न्यासन् ।
तेह नाकम्महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साद्ध्याः सन्ति देवाः ।।

⊙ प्रदक्षिणा—हाथ घुमा कर प्रदक्षिणा करे—

ओम् सप्ता स्यासन्परिधयस्त्रिः सप्तसमिधः कृताः । देवा यद्यज्ञन्तन्वाना ऽ अबन्ध्नन्पुरुषं पशुम् ।।

⊙ जल छोड़े—

।। अनेन पूजनेन देवः प्रीयतां न मम ।।

।। कुश कण्डिका-हवन ।।

⊙ हवन वेदी के दक्षिण—१ पत्ता रख कर उसके ऊपर १ कुशा में गांठ लगा कर रख दे—इसकी ब्रह्मा की संज्ञा होगी ।

⊙ प्रार्थन करे—

।। ओम् यावत् कर्म समाप्यते तावत्वं सुस्थिरो भव ।।

⊙ हवन वेदी के उत्तर २ कुशा बगल-बगल (दोनों के बीच में ४ अंगुल की जगह रहे) रख दे। कुश का अग्रभाग उत्तर दिशा में रहे ।

⊙ प्रणीता पात्र अपने सामने रखे। उसमें जल भर दे। १ कुशा से ढंक दे और इस प्रणीता पात्र को उठा कर बगल-बगल रखे १ कुशा (पश्चिम वाले पर) पर रख दे।

⊙ ब्रह्मा (गांठ लगे कुशा) की ओर देखे।

⊙ जल भरे प्रणीता पात्र को उठा कर बगल वाले दूसरे कुशा पर रख दे। ⊙ वेदी के चारो ओर कुशा बिछाए।

⊙ ४ कुशा लेकर हवन वेदी के पूर्व रख दे, कुशा का अग्र भाग उत्तर दिशा की ओर रहे (अग्नि कोण से ईशान कोण तक)।

⊙ ४ कुशा लेकर ब्रह्मा (गांठ लगे कुशा) और हवन वेदी के बीच में रख दे। कुशा का अग्रभाग पूर्व दिशा में रहे। (ब्रह्मा से अग्नि पर्यन्त)

⊙ ४ कुशा हवन वेदी के पश्चिम (अपनी ओर) रख दे, अग्रभाग उत्तर की ओर रहे (नैऋत्यकोण से वायव्य कोण तक)।

⊙ ४ कुशा हवन वेदी और प्रणीता पात्र के बीच में रख दे, अग्रभाग पूर्व की ओर रहे, (अग्नि से प्रणीता पात्र पर्यन्त)।

⊙ इसके बाद हवन वेदी के उत्तर निम्न वस्तु रखे—

⊙ ३ कुशा पवित्र छेदन हेतु।

⊙ १ कुशा का बीच वाला २ पत्र (अर्थात् जड़ निकाल कर बीच की २ पत्ती लेकर रखे)

⊙ प्रोक्षणी पात्र-घी-स्रुवा- ३ हवन लकड़ी १-१ बीता की।

⊙ उपयमन हेतु कुशा ७—वेणी रूप (सातों कुशा को एक में मिला कर बट ले और ऊपर के हिस्से में गांठ लगा दे)।

⊙ सम्मार्जन हेतु कुशा ५ ।

⊙ पूर्णपात्र के लिए १ कलश या अन्य नवीन पात्र में चावल ।

⊙ पवित्र छेदन वाले १ कुशा को बाएं हाथ में रख ले, उसके ऊपर २ कुशा पत्र (बीच वाला भाग जो रखा है उसे) दहिने हाथ में लेकर ३ के ऊपर उसे रख कर चारों ओर १ बार लपेट दे। आगे का १ बीता छोड़ कर शेष तोड़ कर दोनों कुशा ईशान कोण में फेंक दे।

⊙ इस १ बीता वाले कुशपत्र द्वय से प्रणीता का जल ३ बार प्रोक्षणी में छोड़े ।

⊙ कुशपत्र द्वय को दाहिने हाथ में रख ले।

⊙ प्रोक्षणी को बांये हाथ में ले ले,—कुश पत्र द्वय से ३ बार प्रोक्षणी का जल ऊपर उछाल दे।

⊙ प्रणीता के जल को प्रोक्षणी में डाल ले।

⊙ प्रोक्षणी के जल को हवन वेदी के उत्तर रखी सभी चीजों पर कुश पत्र द्वय से छिड़क दे।

⊙ अग्नि प्रणीता के बीच में प्रोक्षणी को रख दे।

⊙ घी को कटोरा में रख ले और कटोरा को हवन की वेदी पर अग्नि के ऊपर रख दे।
(यदि कटोरा में पहले से घी रखा है, तो घी सहित उस कटोरा को अग्नि पर रख दे)।

⊙ १ तृण या कुशा जला कर घी के चारों ओर घुमा कर कुशा को अग्नि में डाल दे ।

⊙ स्रुवा को दाहिने हाथ में लेकर (स्रुवा का मुख नीचे की ओर करके) अग्नि में ३ बार तपा दे।

⊙ स्रुवा बाएँ हाथ में ले—सम्मार्जन ५ कुशा को दाहिने हाथ में लेकर—कुशा की जड़ से स्रुवा की जड़—कुशा के बीच भाग से स्रुवा का मध्य भाग—कुशा के अग्र भाग से स्रुवा का अग्र भाग—पोछ दे।

⊙ सम्मार्जन कुशा (जिस कुशा से स्रुवा को पोछा है) ईशान कोण में फेंक दे।

⊙ प्रणीता का जल स्रुवा पर छिड़क दे।

⊙ स्रुवा को दाहिने हाथ में लेकर—अग्नि में पहले की तरह फिर ३ बार तपा ले।

⊙ स्रुवा अपनी दाहिनी ओर एक कुशा पर रख दे ।

⊙ घी के कटोरा को अग्नि से उतार ले अपने सामने रख ले। ⊙ उसमें देखे—कोई तिनका आदि पड़ा हो तो निकाल दे।

⊙ दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली और अंगूठा मिला कर ३ बार कटोरा का घी १-१ बूंद ऊपर की ओर उछाल दे। (घी गरम होने पर कुशपवित्री से उछाले)।

⊙ उपयमन (वेणीरूप ७) कुशा को बांए हाथ में ले ले।

⊙ खड़ा होकर ब्रह्मा जी का मन में ध्यान करके तीनो लकड़ी क्रमशः १-१ लकड़ी घी में बोर कर अग्नि में चुपचाप डाल दे।

⊙ बैठ जाय, कुश पत्र द्वय के साथ प्रोक्षणीं का जल अग्नि के चारों ओर घुमा दे।

⊙ कुश पत्र द्वय से जल छिड़ककर अग्नि का सिंचन कर दे।

⊙ प्रोक्षणी अपने स्थान पर रख दे—कुश पत्र द्वय प्रणीता पर रख दे।

⊙ हवन करे।

⊙ घी की आहुति देकर स्रुवा का शेष घी प्रोक्षणी में छोड़ता जाय—

॥ हवन आहुति मंत्र ॥

१. ओम् प्रजापतये	स्वाहा ।	इदं प्रजापतये	न मम ।
२. ओम् इन्द्राय	स्वाहा ।	इदमिन्द्राय	न मम ।
३. ओम् अग्नये	स्वाहा ।	इदमग्नये	न मम ।
४. ओम् सोमाय	स्वाहा ।	इदं सोमाय	न मम ।
५. ओम् भूः	स्वाहा ।	इदमग्नये	न मम ।
६. ओम् भुवः	स्वाहा ।	इदं वायवे	न मम ।
७. ओम् स्वः	स्वाहा ।	इदं सूर्याय	न मम ।

⊙ ब्राह्मण यजमान पर जल छिड़के—मन्त्र पढ़े—

॥ ओम् यथा बाण प्रहाराणां कवचं वारकं भवेत् । तद्वद्दैवोप घातानां शान्तिर्भवति वारिका ॥

शान्तिरस्तु—पुष्टिरस्तु—वृद्धिरस्तु तुष्टिरस्तु ॥

⊙ शाकल्य हवन करे— ⊙ ब्राह्मण या अन्य कोई घी छोड़े । यजमान हवन सामग्री शाकल्य का हवन करे ।

१. ओम् त्वन्नो अग्ने वरुणस्य विद्वान्-देवस्य हेडो अवयासि सीष्ठाः ।

यजिष्ठो वहि्नतमः शोशुचानो विश्वा द्वेषा ॶसि प्रमु मुग्ध्यस्मत् स्वाहा । इदमग्नो वरुणाभ्यां न मम ।

२. ओम् सत्वन्नो अग्ने वमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ ।
अवयक्ष्यनो वरुण ऽ रराणो वीहिमृडीक ऽ सुहवो न एधि स्वाहा । इदमग्नी वरुणाभ्यां न मम ।

३. ओम् अयाश्चाग्नेऽस्य नभि शस्ति पाश्च सत्व मित्व मया असि ।
अयानो यज्ञं वहास्य यानो धेहि भेषज ऽ स्वाहा ।। इदमग्नये न मम ।

४. ओम् ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा विततः महान्तः ।
तेभिर्नो अद्य सवितोत विष्णुर् विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा ।।
इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम ।।

५. ओम् उदुत्तमं वरुण पाश मस्म दवाधमं वि मध्यम ऽ श्रथाय ।
अथावय मादित्य व्रते तवा नागसो अदितये स्याम स्वाहा । इदं वरुणा यादित्या यादितये न मम ।।

⊙ उदक (जल) स्पर्श—आचमन कर ले ।

⊙ दो आहुति गौरी गणपति को दे—

१. ओम् गणानांत्वा गणपति ऽ हवामहे प्रियाणां त्वा प्रियपति ऽ हवामहे निधीनां त्वा निधिपति ऽ
हवामहे वसोमम आहमजानि गर्भध मा त्वमजासि गर्भधम् । गणपतये नमः स्वाहा ।

२. ओम् अम्बे अम्बिके अम्बालिके न मानयति कश्चन ।
ससस्त्यश्वकः सुभद्रिकां काम्पील वासिनीम् ।। —गौर्यैनमः स्वाहा ।

॥ नवग्रह होम ॥

⊙ नवग्रह की लकड़ी को क्रमशः लेकर घी में बोर कर शाकल्य के साथ हवन करे— १. सूर्य— (मदार की लकड़ी)

ओम् आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन् न मृतं मर्त्यञ्च ।
हिरण्य येन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन् ॥ ओम् सूर्याय नमः स्वाहा ।

२. चन्द्र— (छऊल)

ओम् इमम्देवा ऽ असपत्न ဟ सुवध्वम् महते क्षत्राय महते ज्यैष्ठधाय महते जानराज्या येन्द्रस्येन्द्रियाय ।
इमम मुष्य पुत्र ममुष्यै पुत्र मस्यै विशऽएष वोमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणाना ဟ राजा ॥
ओम् चन्द्रमसे नमः स्वाहा ।

३. मंगल (खैर)

ओम् अग्निमूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या ऽ अयम् । अपा ဟ रेता ဟ सिजन्वति ॥
ओम् भौमाय नमः स्वाहा ।

४. बुध (चिच्चड़ी)

ओम् उद्‌बुध्य स्वाग्ने प्रति जागृहि त्व मिष्टा पूर्ते स ဟ सृजेथा मयञ्च ।
अस्मिन् सधस्थे ऽ अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत ॥ ओम् बुधाय नमः स्वाहा ।

५. गुरु (पीपल)

ओम् बृहस्पते ऽ अति यदर्यो ऽ अर्हाद्द्युमद् विभाति क्रतुमज्जनेषु ।
यद्दी दयच्छवस ऋत प्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम् ।। ओम् गुरवे नमः स्वाहा ।

६. शुक्र (गूलर)

ओम् अन्नात् परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिवत् क्षत्रं पयः सोमम् प्रजापतिः ।
ऋतेन सत्य मिन्द्रियं विपान ᳪ शुक्र मन्धसः इन्द्रियस्येन्द्रिय मिदम् पयोऽमृतं मधु ।।
ओम् शुक्राय नमः स्वाहा ।

७. शनि (शमी)

ओम् शन्नो देवी रभिष्टय ऽ आपो भवन्तु पीतये । शंय्यो रभि स्रवन्तु नः ।।
ओम् शनैश्चराय नमः स्वाहा ।

८. राहु (दूब)

ओम् कयानश्चित्र ऽ आभुव दूती सदावृधः सखा । कया शचिष्ठया वृता ।।
ओम् राहवे नमः स्वाहा ।

९. केतु (कुशा)

ओम् केतुं कृण्वन्न केतवे पेशो मर्या ऽ अपेशसे । समुषद्भि रजा यथाः ।। ओम् केतवे नमः स्वाहा ।

७. ओम् असि यमो ऽ अस्या दित्यो ऽ अर्वन्नसि त्रितो गुह्येन व्रतेन ।
असि सोमेन समया विपृक्त ऽ आहुस्ते त्रीणि दिवि बन्धनानि ।। ओम् यमाय नमः स्वाहा ।

८. ओम् कार्षिरसि समुद्रस्य त्वा क्षित्या ऽ उन्नयामि ।
समापो अद्भि रग्मत समोषधीभि रोषधीः ।। ओम् कालाय नमः स्वाहा ।

९. ओम् इन्धा नास्त्वा शत ঌ हिमा द्युमन्त ঌ समिधी महि ।
वयस्वन्तो वयस्कृत ঌ सहस्वन्तः सहस्कृतम् ।।
अग्ने सपत्न दम्भ नम दब्धासो ऽ अदाभ्यम् ।
चित्रावसो स्वस्ति ते पारमशीय ।। ओम् चित्रगुप्ताय नमः स्वाहा ।

।। प्रत्यधि देवता-आहुति ।।

१. ओम् अग्नि दूतं पुरो दधे हव्यवाह मुप ब्रुवे । देवां ऽऽ आसादया विह ।।
ओम् अग्नये नमः स्वाहा ।

२. ओम् अप् स्वन्तर मृत मप्सु भेषज मपा मुत प्रशस्ति ष्वश्वा भवत वाजिनः ।
देवी रापो यो न ऊर्मिः प्रतूर्तिः ककुन्मान् वाजसास्ते नायं वाजঌ सेत् ।।
ओम् अद्भ्यो नमः स्वाहा ।

॥ अधिदेवता हवन ॥

१. ओम् त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ।
उर्वारुक मिव वन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥ ओम् ईश्वराय नमः स्वाहा ।

२. ओम् श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्या वहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूप मश्विनो व्यात्तम् ।
इष्णन्निषाणा मुम्म ऽ इषाण सर्वं लोकम्म ऽ इषाण ॥ ओम् उमायै नमः स्वाहा ।

३. ओम् यद क्रन्दः प्रथमञ्जायमान उद्यन्त् समुद्रां दुत वा पुरीषात् ।
श्येनस्य पक्षा हरिणस्यंबाहू ऽ उपस्तुत्यम् महिजातन्तेअर्वन् ॥ ओम् स्कन्दाय नमः स्वाहा ।

४. ओम् विष्णो रराट मसि विष्णोः श्नप् त्रेस्थो विष्णोः ।
स्यू रसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि वैष्णव मसि विष्णवे त्वा ॥ ओम् विष्णवे नमः स्वाहा ।

५. ओम् ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद् विसीमतः सुरुचो वेनऽआवः ।
स बुध्न्याऽउपमा ऽअस्य विष्ठाः सतश्च योनि मसतश्च विवः ॥ ओम् ब्रह्मणे नमः स्वाहा ।

६. ओम् त्रतार मिन्द्र मवितार मिन्द्र ঁ हवे हवे सुहव ঁ शूरमिन्द्रम् ।
ह्वयामि शक्रं पुरुहुता मिन्द्र ঁ स्वस्तिनो मघवा धात्विन्द्रः ॥ ओम् इन्द्राय नमः स्वाहा ।

३. ओम् स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरा निवेशनी । यच्छानः शर्म सप्रथाः ।।

ओम् पृथिव्यै नमः स्वाहा ।

४. ओम् इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा नि दधे पदम् । समूढ़ मस्या पा ऌ सुरे ।।

ओम् विष्णवे नमः स्वाहा ।

५. ओम् सजोषा इन्द्र सगणो मरुद्भिः सोमम् पिब वृत्रहा शूर विद्वान् ।
जहि शत्रूं रप मृधो नु दस्वाथा भयं कृणुहि विश्वतोः नः ।।

ओम् इन्द्राय नमः स्वाहा ।

६. ओम् अदित्यै रास्ना सीन्द्राण्या उष्णीषः । पूषासि घर्माय दीष्व ।। ओम् इन्द्राण्यै नमः स्वाहा ।

७. ओम् प्रजापते न त्व देता न्यन्यो विष्वा रूपाणि परिता बभूव ।
यंत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो ऽ अस्तु वय ऌ स्याम पतयो रयीणाम् ।।

ओम् प्रजापतये नमः स्वाहा ।

८. ओम् नमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवी मनु ।
येऽअन्तरिक्षे ये दिवि तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ।। ओम् सर्पेभ्यो नमः स्वाहा ।

९. ओम् ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद् विसीमतः सुरुचो वेन आवः ।
स ब्रुध्न्या उपमाऽअस्य विष्ठाः सतश्च योनि मसतश्च विवः ।। ओम् ब्रह्मणे नमः स्वाहा ।

॥ पंचलोकपाल आहुति ॥

१. ओम् गणानां त्वा गणपति ꣳ हवामहे प्रियाणां त्वा प्रियपति ꣳ हवामहे निधीनां त्वा निधिपति ꣳ हवामहे वसोमम । आहमजानि गर्भध मा त्वम जासि गर्भधम् ॥ ओम् गणपतये नमः स्वाहा ।

२. ओम् अम्बे ऽ अम्बिके ऽ अम्बालिके न मानयति कश्चन । ससस्त्य श्वकः सुभद्रिकां काम्पील वासिनीम् ॥
ओम् दुर्गायै नमः स्वाहा ।

३. ओम् वातो वा मनो वा गन्धर्वाः सप्त वि ꣳ शतिः । ते ऽअग्रे ऽश्व मयुं जस्ते ऽ अस्मिन् जब मा दधुः ॥
ओम् वायवे नमः स्वाहा ।

४. ओम् ऊर्द्ध्वा ऽअस्य समिधो भवन्त्यूर्द्ध्वा शुक्रा शोची ꣳ ष्यग्नेः । द्यु मत्त मा सु प्रतीकस्य सूनोः ॥
ओम् आकाशाय नमः स्वाहा ।

५. ओम् अश्विनोर्भैषज्येन ब्रह्मवर्चसा याभि षिञ्चामि सरस्वत्यै भैषज्येन ।
वीर्या यान्नाद्य याभिषिञ्चा मीन्द्रस्येन्द्रियेण वलाय श्रियै यशसेऽभिषिञ्चामि ॥
ओम् अश्विभ्यां नमः स्वाहा ।

॥ दशदिक्पाल आहुति ॥

१. ओम् त्रातार मिन्द्रमवितारमिन्द्र ꣳ हवे हवे सुहव ꣳ शूरमिन्द्रम् ।
हृ्वयामि शक्रं पुरुहूत मिन्द्र ꣳ स्वस्तिनो मघवा धात्विन्द्रः ॥ ओम् इन्द्राय नमः स्वाहा ।

२. ओम् अग्नि दूतं पुरोदधे हव्यवाह मुप ब्रुवे । देवां ऽऽ आसाद या दिह ।। ओम् अग्नये नमः स्वाहा ।

३. ओम् असि यमो ऽ अस्यादित्योऽअर्वन्नसि त्रितो गुह्येन व्रतेन ।
असि सोमेन समया विपृक्त ऽ आहुस्ते त्रीणि दिवि बन्धनानि ।। ओम् यमाय नमः स्वाहा ।

४. ओम् एष ते निर्ऋते भागस्तं जुषस्व स्वाहा । अग्नि नेत्रेभ्यो देवेभ्यः पुरः सद्भ्यः स्वाहा ।।
यम नेत्रेभ्यो देवेभ्यो दक्षिणा सद्भ्यः स्वाहा । विश्वेदेव नेत्रेभ्यो देवेभ्यः पश्चाद्सद्भ्यः स्वाहा ।
मित्रावरुण नेत्रेभ्यो वा मरुन्नेत्रेभ्यो वा देवेभ्य उत्तरा सद्भ्य स्वाहा सोम नेत्रेभ्यो देवेभ्य
उपरि सद्भ्यो दुवस्वद्भ्यः ।। ओम् निर्ऋतये नमः स्वाहा ।

५. ओम् इमम्मे वरुण श्रुधी हवमद्या च मृडय । त्वा मवस्यु रा चके ।। ओम् वरुणाय नमः स्वाहा ।

६. ओम् वायु रग्रेगा यज्ञप्रीः साकं गन्मनसा यज्ञम् । शिवो नियुद्भिः शिवाभिः ।।
ओम् वायवे नमः स्वाहा ।

७. ओम् कुविदंग यवमन्तो यवं चिद् यथा दान्त्यनु पूर्वम् वियूय ।
इहे हैषां कृणुहि भोजनानि ये बर्हिषो नम उक्तिं यजन्ति ।। ओम् कुबेराय नमः स्वाहा ।

८. ओम् ईशावास्य मिद ७ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत् ।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद् धनम् ।। ओम् ईशानाय नमः स्वाहा ।

९. ओम् ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद् विसीमतः सुरुचो वेन आवः ।
स बुध्न्या ऽ उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनि मसतश्च विवः ।। ओम् ब्रह्मणे नमः स्वाहा ।

१०. ओम् नमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवी मनु ।
ये ऽ अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ।। ओम् अनन्ताय नमः स्वाहा ।

⊙ षोडश मातृका हवन— ⊙ सप्त स्थल मातृका हवन ⊙ घृतमातृका हवन ⊙ वास्तु हवन ⊙ ६४ योगिनी हवन ⊙ क्षेत्रपाल हवन ⊙ सर्वतोभद्र पीठ देवता अथवा लिंगतोभद्र देवता हवन ⊙ प्रधान देवता हवन ⊙ खीर पूड़ी का हवन ⊙ गायत्री मन्त्र से कम-से-कम २८ आहुति खीर पूड़ी की दे ।

।। स्विष्टकृत आहुति ।।

⊙ स्रुवा में घी तथा एक लड्डू लेकर आहुति दे

।। ओम् अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा ।। इदमग्नये न मम ।।

टिप्पणी—षोडश मातृका आदि सभी पीठ पर आवाहित देवताओ के नाम पूजन प्रकरण में लिखे हैं उन्हीं नामो से हवन करे प्रत्येक नाम के साथ—नमः के बाद स्वाहा जोड़ ले

जैसे—गौर्यै नमः स्वाहा ।। शच्यै नमः स्वाहा—आदि

॥ कर्मकुटी ॥

॥ जलाधिवास ॥

⊙ यजमान (पत्नी सहित) जलाधिवास स्थल पर आकर पूर्व मुख बैठे

[जलाधिवास हवन वेदी के उत्तर करना चाहिए]

⊙ यजमान अपने सामने किसी चौकी-पीढ़ा आदि पर सभी नई मूर्त्तियों को रख ले

[मूर्त्तियों का मुख पश्चिम या उत्तर की ओर रहे]

⊙ यजमान आचमन-प्राणायाम करे ⊙ फूल लेकर हाथ जोड़े

⊙ ब्राह्मणगण शान्ति पाठ करे

॥ ओम् द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष ঁ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्ति रोषधयः शान्तिः । वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्ति ब्रह्मशान्तिः सर्वं ঁ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सामा शान्तिरेधि ॥ ओम् शान्तिः ॥ शान्तिः ॥ शान्तिः ॥

⊙ यजमान कुश—अक्षत-जल द्रव्य लेकर संकल्प करे—

॥ अद्य शुभ पुण्यतिथौ.....गोत्रः.....नामाऽहं करिष्यमाण देव प्रतिष्ठा कर्मणि आसां मूर्त्तीनां देवता योग्यताधिष्ठान सिद्ध्यर्थम् जलाधिवासाख्यं कर्म करिष्ये ॥

टिप्पणी— १ कुछ पद्धतिकार पूर्वमुख मूर्त्तियों को रखने को लिखते हैं तब यजमान उत्तर मुख बैठे

⊙ संकल्प पढ़कर हाथ का जल-अक्षत आदि सामने भूमि पर छोड़ दे

⊙ मूर्त्तियों को कुशा से पोंछ दे ⊙ पोंछ कर कुशा ईशान कोण में फेक दे

⊙ घी गरम कर हलका सा मूर्त्तियों में लगा दे

⊙ घी में शहद मिलाकर सभी मूर्त्तियों में हलका सा लेप कर दे

⊙ मूर्त्तियों में कहीं कोई छिद्र आदि हो तो घी-शहद से उसे बन्द कर दे

⊙ गंगा मिट्टी या किसी पवित्र नदी-तालाब की मिट्टी मूर्त्तियों में लगा दे

।। ओम् सत् संस्काराय देवानां मलस्य परि शुद्धये ।
मृत्स्नया स्नापयाम्येव देवता तुष्टि हेतवे ।।

⊙ गोबर-गोमूत्र-दूध-हवन का भस्म क्रमशः अलग-अलग मूर्त्तियों में लगा दे

गोबर ।। १ ।। गवां योनिसमुद्भूतैः पवित्रैः शुद्धिकारकैः ।
गोमयैः स्नापयाम्येव देव संस्कार सिद्धये ।।

गोमूत्र ।। २ ।। सुरभेर्गात्र सम्भूतैः पावनैः शुभकारकैः ।
गोमूत्रैः स्नापयाम्येव सज्योतिर्मल शुद्धये ।।

दूध ।। ३ ।। गोस्तनेभ्यः समुत्पन्नैः पयोभिर्निर्मलैः शुभैः ।
स्नापयामि देवांस्तान् प्रतिष्ठा शुभहेतवे ।।

भस्म ।। ४ ।। यथा वह्निस्तृणादीनां सुभस्म प्रकरोति यत् ।
तथा मूर्त्ति समूहानां भस्मसु च विधास्यति ।।

⊙ गंगा जल अथवा शुद्ध तीर्थ-नदी तालाब का जल चढ़ा दे

।। ओम् गंगादि सलिलैर्दिव्यैस्तीर्थोदक समन्वितैः । स्नापयामि देवांस्तान् सुगणादि सुशोभितान् ।।

⊙ मूर्त्तियों के आगे एक कलश-पात्र रखे ⊙ कलश में जल भर दे

⊙ अक्षत-फूल लेकर हाथ जोड़े ।। मन्त्र पढ़े ।।

।। ओम् काशी कुशस्थलीमाया ऽ वन्त्यायोध्या मधोः पुरी । शालिग्रामः सगोकर्णः नर्मदा च सरस्वती ।।
गंगाद्याः सरितः सर्वाः समुद्राश्च सरांसि च । वृषारुढ़ा सरोजाक्षी पद्म हस्ताशशि प्रभा ।।
आगच्छन्तु सरिज्ज्येष्ठा गंगा पाप प्रणाशिनी । नीलोत्पल दलश्यामा पद्म हस्ताम्बु जेक्षणा ।।
आयातु यमुनादेवि कूर्मयान स्थिता सदा । प्राची सरस्वती पुण्या पयोष्णी गौतमी तथा ।।
उर्मिला चन्द्रभागा च सरयू गण्डकी तथा । एता नद्याश्च तीर्थानि गुह्य क्षेत्राणि सर्वशः ।।
तानि सर्वाणि कुम्भे ऽ स्मिन् विशन्तु ब्रह्म शाशनात् ।।

टिप्पणी— १. कुछ पद्धतिकारों ने सरसों छोड़कर यदत्र संस्थितम्—मन्त्र द्वारा भूतादिकों को हटाकर जलाधिवास स्थल को शुद्ध करने को भी लिखा है

२. कुछ पद्धतियों में पात्र जल ध्यान पहले ही लिखा है, मूर्त्तियों को कुशा से पोंछने—गोबर-गोमूत्र-भस्म आदि लगाने के पूर्व यह कलश अभिमन्त्रित प्रक्रिया दी गई है।

⊙ हाथ का अक्षत फूल कलश में छोड़ दे

⊙ कलश के चारो ओर अक्षत छोड़े ।। मन्त्र पढ़े—

१. ओम् इन्द्राय नमः ।। पूर्वे
२. ओम् अग्नये नमः ।। इति अग्निकोणे ।।
३. ओम् यमाय नमः ।। इति दक्षिणे ।।
४. ओम् निर्ऋतये नमः ।। इति नैर्ऋत्य कोणे ।।
५. ओम् वरुणाय नमः ।। इति पश्चिमे ।।
६. ओम् वायवे नमः ।। इति वायव्यकोणे ।।
७. ओम् कुवेराय नमः ।। इति उत्तरे ।।
८. ओम् ईशानाय नमः ।। इति ईशानकोणे ।।

ओम् अष्ट लोक पालान् आवाहयामि ।।

⊙ कलश की पूजा कर दे—रोड़ी-चावल-फूल चढ़ा दे—

ओम् अष्ट लोक पालाय नमः ।। —कहता रहे ।।

⊙ इस कलश का जल मूर्त्तियों पर चढ़ाए ।। मन्त्र पढ़े—

[जल धारा दे धार टूटे नहीं]

।। ओम् अश्मन्नूर्जं पर्वते शिश्रियाण मद्भ्य ओषधीभ्यो वनस्पतिभ्यो अधिसम्भृतं पयः ।
तां न इषमूर्जम् धत्त मरूतः स ᳪ रराणा अस्मँस्ते क्षुन्मयि त ऊर्ग्यँ द्विष्मस्तं ते शुगृच्छतु ।।

⊙ शुद्ध जल से मूर्त्तियों को धोकर ⊙ शुद्ध वस्त्र से पोछ कर मूर्त्तियों को यथा स्थान रख दे

⊙ गन्ध पुष्प मूर्त्तियों पर चुप चाप चढ़ा दे

।। कौतुक बंधन ।।

⊙ आचार्य के हाथ से नाप कर एक-एक बीता का सफेद ऊन का सूत लेकर मूर्त्तियों के दाहिने हाथ (देवी के बाएँ हाथ) में बांध दे—

[शिवलिंग में लपेट दे] मन्त्र पढ़े—

।। ओम् रक्षोहणं वलगहनं वैष्णवी मिदमहं तं वलगमुत् किरामि ।
यं मे निष्ट्यो यम मात्यो निचखाने दमहं तं वलगमुत् किरामि ।
यं मे समानो यम समानो निचखाने दमहं तं वलगमुत् किरामि ।
यं मे सवन्धुर्यम सवन्धु निचखाने दमहं तं वलगमुत् किरामि ।
यं मे सजातो यम सजातो निचखानोत् कृत्यां किरामि ।।

⊙ हाथ जोड़ कर आचार्य से कहे—

।। भो आचार्य ! देवस्या वयवान् सम्यक् निरीक्षस्व ।।

⊙ आचार्य मूर्त्तियों को देख ले

⊙ बड़े पात्रों में [जिसमें मूर्त्तियों को रखने पर मूर्त्तियाँ जल से ढक जाय] शुद्ध जल भर दे

⊙ जल में पंचगव्य-हिरण्य-दूर्वा-यव-पीपल-पलाश का पत्र छोड़ दे

⊙ हाथ में जल-अक्षत पुष्प लेकर संकल्प पढ़े—

॥ ओम् शुभ पुण्यतिथौ… गोत्रः… नामाऽहं सप्रासाद आसां मूर्त्तीनां प्रतिष्ठा कर्मणि जलमातृकादीन् पूजयिष्ये ॥

⊙ हाथ का जल अक्षत-फूल सामने भूमि पर छोड़ दे.

⊙ बाएं हाथ में अक्षत लेकर दाहिने हाथ से दो-दो दाना अक्षत जल पात्रों में छिड़के—

॥ १ ॥ ओम् मत्स्यै नमः ।

॥ २ ॥ ओम् कच्छप्यै नमः ।

॥ ३ ॥ ओम् कूर्म्यै नमः ।

॥ ४ ॥ ओम् वाराह्यै नमः ।

॥ ५ ॥ ओम् दर्दुर्यै नमः ।

॥ ६ ॥ ओम् शिशुमार्यै नमः ।

॥ ७ ॥ ओम् ईश्वर्यै नमः ।

॥ ८ ॥ ओम् सप्तजल मातृः आवाहयामि ॥ पूजयामि ॥

⊙ हाथ का अक्षत छोड़ दे ।

⊙ जल पात्र के समीप एक शुद्ध पात्र या पत्तल पर ७ जगह अक्षत पुंज रखे

⊙ इन सात अक्षत पुंजों पर अक्षत छोड़कर जीव मातृकाओ का आवाहन करे—

॥ १ ॥ ओम् मत्स्यै नमः ।

॥ २ ॥ ओम् हृद्यै नमः ।

॥ ३ ॥ ओम् गोधायै नमः ।

॥ ४ ॥ ओम् मकर्यै नमः ।

॥ ५ ॥ ओम् डुण्डुभ्यै नमः ।

॥ ६ ॥ ओम दर्दुर्यै नमः ।

॥ ७ ॥ ओम् जल्यै नमः ।

⊙ फिर जल पात्र में अक्षत छोड़कर योगिनी आदि का आवाहन करे—

।। १ ।। ओम् चतुष्षष्टि योगिनीभ्यो नमः । ।। २ ।। ओम् सप्त सागरेभ्यो नमः ।

।। ३ ।। ओम् मानसादि सप्तसरोभ्यो नमः । ।। ४ ।। ओम् पुष्करादि तीर्थेभ्यो नमः ।

।। ५ ।। ओम् गंगादि महानदीभ्यो नमः । ।। ६ ।। ओम् वरुणाय नमः ।

।। ओम् तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तद शास्ते यजमानो हर्विभिः ।
अहेडमानो वरुणेह वोध्युरूश ᳪ समान आयुः प्रमोषीः ।।

⊙ जीव मातृका तथा योगिनी आदि की पूजा कर दे—गन्ध-अक्षत-फूल चढ़ा दे

⊙ एक पत्ता पर दही-उरद रख कर जल पात्र के समीप रखे

⊙ हाथ में जल लेकर कहे—

।। जल पात्र स्थित देवता इदं दधिमाषभक्त वलिं गृहाण मम सकुटुम्बस्य रक्षां कुरू ।।

⊙ हाथ का जल दही-उरद के पास छोड़ दे

⊙ जल पात्र में पंचामृत छोड़ दे

।। ओम् पञ्चनद्यः सरस्वती मपियन्ति सस्रो तसः ।
सरस्वती त पञ्चधा सो देशे भवत सरित ।।

⊙ फूल लेकर प्रार्थना करे—

॥ ओम् जलाधिवासितो देवो मम भाग्योदयं कुरु ।
त्वदधिष्ठान संयोग्यं त्वत् प्रसादात् सुरेश्वर ॥

⊙ फूल जल पात्र में छोड़ दे

⊙ मूर्त्तियों में कुशा तथा नवीन लाल वस्त्र लपेट दे । मन्त्र पढ़े—

॥ ओम् देवानांरक्षणार्थाय रक्त सूत्रं कुशैर्युतम् । तद्वै प्रतिसराख्यं च वध्नामि सुरहेतवे ॥

⊙ कुश—रक्त वस्त्र लपेट कर मूर्त्तियो को जल पात्र में अधिवास करा दे । मन्त्र पढ़े—
[मूर्त्तियों का मुख पूर्व या उत्तर रहे]

॥ ओम् अवते हेडो वरुण नमोभि रवयज्ञे भिरीमहे हविर्भिः ।
क्षयं नास्मभ्य मसुर प्रचेतो राजन्ने ना ऽऽ सि शिश्रयः कृतानि ॥
उदुत्तमं वरुण पाश मस्म दवाधमं विमध्यम ऽऽ श्रथाय ।
अथावय मादित्य व्रते तवा नागसो अदितये स्याम् ॥

⊙ मूर्त्तियों को जल में अधिवास कराने के बाद

टिप्पणी— ⊙ जलाधिवास के लिए लघुदर्पण में यह मन्त्र दिया है—

१७१ ओम् उदुत्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः । दृशे विश्वाय सूर्यम् । उपयाम गृहीतोऽसि सूर्यायत्वा भ्राजायैषतेयोनिः सूर्यायत्वा भ्राजाय ॥

⊙ फूल लेकर प्रार्थना करे—

ओम् प्रतिमासु कलानां च सिद्ध्यर्थं रक्षणायजगत् प्रभो । जलेशानां रक्षभो देव मत्तोऽप्सु समधिष्ठिताम् ।।
नमस्तेऽर्चे सुरेशानि प्रणीते विश्वकर्मणा । प्रभाविता शेष जगद्धात्रे इहतुभ्यं नमो नमः ।।
त्वयि सम्पूजयामीशं नारायण मनामयम् । रहिता शेषदोषस्त्व मृद्धयुक्ता सदाभव ।।
सर्वसत्यमयं शान्तं परं ब्रह्म सनातनम् । त्वमेवालं करिष्यामि त्वं वन्द्यो भवते नमः ।।

⊙ फूल मूर्त्तियों पर छोड़ दे

⊙ आचार्य को सुवर्ण तथा गौ दे ⊙ कुश-अक्षत लेकर संकल्प करे—

।। अद्य शुभ पुण्यतिथौ'' गोत्रः''' नामाऽहं कृतैतत् जलाधिवास कर्मणि परिपूर्णतावाप्तये शुभता सिद्ध्यर्थम् इदं हिरण्यम् [तन्निष्क्रयीभूतं द्रव्यं] एवं च गाम् [गोनिष्क्रयी भूतं द्रव्यम्]

गोत्राय शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।।

⊙ ब्राह्मण को सुवर्ण-गौ दान दे ⊙ ब्राह्मण लेकर कहे— ।। स्वस्ति ।।

⊙ अन्य ब्राह्मणों को भी दक्षिणा दे ⊙ मूर्त्तियों से सम्बद्ध सूक्त तथा शान्ति सूक्त का पाठ करे ।।

।। इति जलाधिवास ।।

टिप्पणी— ⊙ सोना-गौ के अभाव में निष्क्रय द्रव्य देना चाहिए ।

⊙ जलाधिवास एक रात, एक याम, एक मुहूर्त, अथवा गौ दुहने में जो समय लगता है उतने समय तक हो सकता है। यथा समय आवश्यकता सुविधा देकर आचार्य की आज्ञा से यथेष्ट काल तक जलाधिवास करना चाहिए ।

॥ अन्नाधिवास ॥

⊙ यजमान [पत्नी सहित] मण्डप के नैर्ऋत्य कोण में पूर्व मुख बैठें

⊙ आचमन-प्राणायाम कर ले ⊙ पवित्री पहन ले

⊙ अक्षत-पुष्प लेकर शान्ति पाठ करे

> ॥ ओम् द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष ᳪ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः । वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्व ᳪ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सामाशान्तिरेधि । ओम् शान्तिः । शान्तिः । शान्तिः । सुशान्ति र्भवतु ॥ सर्वारिष्ट शान्तिरस्तु ॥

⊙ हाथ का अक्षत फूल सामने पृथिवी पर छोड़ दे

⊙ कुश-अक्षत-जल लेकर प्रतिज्ञा संकल्प करे—

> ॥ अद्य विशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्यतिथौ ··· गोत्रः ··· नामाऽहं मम गृहे प्रचुर धनधान्य पुत्रपौत्रादि सुख सम्पत्त्यादि निवासार्थम् आसां मूर्त्तीनां देवता योग्यताधिष्ठान सिद्ध्यर्थञ्च धान्याधिवासं करिष्ये ॥

⊙ संकल्प पढ़ कर हाथ का कुश अक्षत-जल सामने भूमि पर छोड़ दे

⊙ अधिवास स्थल को गोबर से लीप कर [यदि पहले से लीपी है तो जल छिड़क कर] शुद्ध करे

⊙ गोबर से लिपी हुई भूमि पर धान्य [अन्न] फैला दे

upayogibooks.com

⊙ धान्य के ऊपर शुद्ध-महीन-नया वस्त्र बिछा दे

⊙ उठ कर जलाधिवास स्थल पर जाय

⊙ पूर्व मुख बैठ कर = आचमन—प्राणायम करे

⊙ फूल लेकर जल में स्थित देवों की प्रार्थना करे

॥ १ ॥ ओम् उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते देव यन्तस त्वेमहे ।
उप प्रयन्तु मरुतः सुदा नब इन्द्र प्राशुर्भवा सचा ॥

॥ २ ॥ ओम् उत्तिष्ठोत्तिष्ठ देवेश समुत्तिष्ठ सुरेश्वर ।
उत्तिष्ठ जगदाधार त्रैलोक्ये मंगलं कुरु ॥

॥ ३ ॥ ओम् उत्तिष्ठोत्तिष्ठ देवेश त्यज निद्रां महाशय ।
जलाधिवासन विधि त्यक्त्वा स्वीकुरु हि मण्डपम् ॥

⊙ फूल जल पात्र स्थित मूर्त्तियों पर चढ़ा दे

⊙ क्रमशः १-१ मूर्त्ति जल पात्र से निकाले शुद्ध वस्त्र से पोछ कर जल सुखा दे ⊙ किसी पात्र में रखता जाय

⊙ सभी मूर्त्तियों को उठा कर शंख-भेरी-मृदंग-मंगल गीत आदि के साथ मण्डप के नैऋत्य कोण में अन्नाधिवास के स्थान पर आए और मूर्त्तियों को पश्चिम मुख रखे

⊙ स्वयं यजमान पूर्व मुख बैठ जाय

⊙ धान्य के ऊपर जो वस्त्र बिछाया है उस पर १ कुशा फैला दे

⊙ उसी धान्य-वस्त्र-कुश के ऊपर ज्येष्ठता के क्रम से १-१ मूर्त्ति को रख दे। मन्त्र पढ़े—

।। ओम् धान्यमसि धिनुहि देवान् प्राणाय त्वो दानाय त्वा व्यानाय त्वा ।। दीर्घामनु प्रसितिमायुषे धां देवो वा सविता हिरण्यपाणिः प्रतिगृभ्णा त्वच्छिद्रेण पाणिना चक्षुषे त्वा महीनां पयोसि ।।

⊙ मूर्त्तियों के ऊपर फिर एक कपड़ा फैला दे

⊙ कपड़े के ऊपर धान्य [अन्न] फैला दे ⊙ मूर्त्तियां बन्द हो जांय

[परिवार सहित यह अन्न फैलाना चाहिए]

⊙ अन्न फैला कर उसके ऊपर कुशा-गन्ध-अक्षत-फूल चढ़ा दे

[कुछ लोग षोडशोपचार अथवा पंचोपचार पूजा करते हैं]

⊙ देव सम्बन्धित सूक्त पाठ—शान्ति पाठ—मंगलगान करे

॥ इति अन्नाधिवास ॥

॥ देव स्नान मंडप ॥

⊙ मण्डप में उत्तर की ओर बीच वाले भाग में तीन वेदी बनाये
[गूलर की लकड़ी से बनी तीन काठ की चौकी रखे—यही वेदी है]

⊙ तीनों चौकी २८ अंगुल लम्बी तथा २४ अंगुल चौड़ी और ६ अंगुल ऊंची बनानी चाहिए

⊙ तीनों चौकी क्रमशः दक्षिण से उत्तर की ओर रखे

⊙ तीनों पीठों के बीच में ८-८ अंगुल स्थान रिक्त रखना चाहिए

⊙ तीनों वेदी पर बालू या शुद्ध मिट्टी बिछा दे ⊙ तीनों वेदी पर चावल से 卐 स्वस्तिक बना दे

॥ पूजन विधि ॥

⊙ यजमान दक्षिण वाली वेदी के सामने पूर्व मुख बैठे ⊙ आचमन—प्राणायाम कर ले ⊙ फूल लेकर विश्वकर्मा का ध्यान करे

॥ ओम् विश्वकर्मातु कर्त्तव्यः श्मश्रुलो मुसलाधरः । सं दंशपर्णिर्द्वि भुजस् तेजो मूर्त्तिः प्रतापवान् ॥

भो विश्वकर्मन् भूतात्मन् शिल्प कर्म विशारद । आगच्छ भगवन् देव ह्यस्मिन् वै स्नान मंडपे ॥

टिप्पणी—लघुदर्पण में विश्वकर्मा के लिए वैदिक मन्त्र दिया गया है—

॥ ओम् विश्वकर्मन् हविषा वर्धनेन त्रातारमिन्द्रमकृणोरवध्यं तस्मै विशः शमनमन्त पूर्वीरय मुग्रयो विहव्या यथासत् ॥

⊙ फूल तीनों वेदियों पर छोड़ दे

⊙ तीनों वेदी पर पंचगव्य छिड़कें

॥ ओम् पंचगव्यं पूतकरं सर्वं संशुद्धि कारणम् । अतः सम्प्रोक्षिता मह्यम् वेदिकाः शुभलक्षणाः ॥

⊙ तीनों वेदी पर कुशा बिछा दे [कुशा का अग्रभाग पूर्व की ओर रहे]

॥ ओम् इमान् कुशान् भद्रपीठे मूर्त्तीनां सुस्थिराय च । आसादयामि ब्रह्मदेव रचितान्यून संयुतान् ॥
सुकाष्ठ निर्मितान् पीठान् सर्वलक्षण संयुतान् । प्रतिमा स्थापनार्थम् तु पूजयामि वेदिकत्रयान् ॥

⊙ तीनों वेदियों पर १-१ फूल छोड़ दे

⊙ तीनों वेदियों पर शुद्ध वस्त्र बिछा दे

⊙ यजमान यहाँ से उठकर नैर्ऋत्यकोण में अन्नाधिवास के स्थल पर आये

⊙ अन्नाधिवास स्थल पर पूर्व मुख बैठे

⊙ आचमन-प्राणायाम करे

⊙ मूर्त्तियों के ऊपर से धान्य हटाकर साफ कर ले

टिप्पणी—लघुदर्पणकार ने इन पीठों के नीचे सप्तधान्य बिछाने को लिखा है । अग्निपुराण में भी सप्तधान्य बिछाने का उल्लेख है अन्य पद्धतिकारो ने यह नहीं लिखा है ।

⊙ फूल लेकर देवों की प्रार्थना करे—

।। ओम् उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते देवयन्तस् त्वेमहे । उप प्रयन्तु मरुतः सु दानव इन्द्र प्राशुर्भवा सचा ।।
स्वागतं देव देवेश विश्वरूप नमोऽस्तुते । शुद्धेऽपि त्वदधिष्ठाने शुद्धिं कुर्मः सहस्वताम् ।।
[स्वागतं देवदेवेशि विश्वरूपे नमोऽस्तुते]

⊙ फूल मूर्त्तियों पर छोड़ दे ⊙ मूर्त्तियों को धान्य से बाहर निकाले

⊙ कुशा से मूर्त्तियों को पोंछ दे ⊙ शुद्ध जल से स्नान करा दे

⊙ किसी पात्र में मूर्त्तियों को रखे — अथवा

[मूर्त्तियां बड़ी तथा भारी हों तो यजमान स्पर्श कर ले, अन्य पवित्र जन मूर्त्तियों को उठाकर स्नान मंडप में ले जाय]

⊙ शंख भेरी-मंगलगीत के साथ मूर्त्तियों को स्नान मंडप में लाए

।। पहली वेदी पर रखे ।।

⊙ मूर्त्तियों को स्नान मंडप में लाकर दक्षिण वाली पहली वेदी पर रखे

⊙ मूर्त्तियों का मुख पश्चिम की ओर रहे ⊙ रखते समय मन्त्र पढ़े—

ओम् स्तीर्णम् बर्हिः सुष्टरीमा जुषाणोरू पृथु प्रथमानं पृथिव्याम् ।
देवेभिर्युक्त मदितिः सजोषाः कृण्वाना सुविते दधातु ।।

टिप्पणी—कुछ पद्धतिकारों ने पूर्व मुख मूर्त्तियों को रखने को लिखा है किन्तु लघुदर्पण एवं उद्योत ग्रन्थ में पश्चिम मुख लिखा है ।

॥ भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः । स्थिरैरंगैस् तुष्टुवा ऽ सस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः ॥

⊙ यजमान पूर्व मुख प्रथम वेदी [दक्षिण वाली वेदी] के सामने बैठ जाय

⊙ अपने सामने १२ कलश स्थापित करे
[ये १२ कलश दक्षिण से उत्तर के क्रम से १ पंक्ति में रखे]

⊙ कलशों के नीचे सप्तधान्य छोड़ दें ⊙ कलशों में लाल या पीला तीन-तीन कच्चा सूत लपेट दे
⊙ कलशों में शुद्ध जल तथा पंच पल्लव छोड़ दे ⊙ इसके अतिरिक्त
⊙ इन १२ कलशों में क्रमशः [दक्षिण से उत्तर के क्रम से] निम्न वस्तुएं छोड़े

१. प्रथम में—सप्तमृत्तिका, २. दूसरे में—पंचवृक्ष छाल जल, ३. तीसरे में—गोमूत्र,
४. चौथे में—गोबर ५. पांचवे में—भस्म ६. छठवे में—चंदन मिला जल

⊙ शेष ६ कलशों में—सुगन्धित जल
[इन कलशों में उत्तर वाला अन्तिम बारहवां कलश "स्थपति संज्ञक" है]

⊙ यजमान आचमन—प्राणायाम करे

टिप्पणी—पद्धतियों में "कषाय जल" का उल्लेख है । पांच वृक्षों की छाल को पानी में भिगो कर [पंच वृक्ष त्वक-उदक] जल लेले —इसे ही कषाय कहते हैं । अग्निपुराण के अनुसार ५ वृक्ष हैं —जामुन, सेमर, खिरेंटी, बेर, मोलसिरी ॥

⊙ बारहवां [स्थपति संज्ञक] कलश उठाकर मूर्त्ति के सामने रखे

⊙ फूल लेकर इस कलश में तीर्थों का आवाहन करे—

ओम् काशी कुशस्थलीमायाऽवन्त्य योध्या मधोः पुरी। शालिग्रामं सगोकर्णं नर्मदा च सरस्वती ॥ १ ॥

झषारूढ़ा सरोजाक्षी पद्महस्ता शशिप्रभा। आगच्छतु सरिज्ज्येष्ठा गंगा पाप प्रणाशिनी ॥ २ ॥

नीलोत्पल दलश्यामा पद्महस्ताम्बु जेक्षणा। आयातु यमुना देवी कूर्मयान स्थिता सदा ॥ ३ ॥

प्राची सरस्वती पुण्या पयोष्णी गौतमीतथा। चर्मिला चन्द्रभागा च सरयूगण्डकी तथा ॥ ४ ॥

जम्बुका च शतद्रुश्च कालिका सुप्रभा तथा। वितस्ता च विपाशा च नर्मदा च पुनः पुनः ॥ ५ ॥

गोदावरी महावर्ता शर्करावर्त्तमार्जनी। कावेरी कौशिकी चैव तृतोया च महानदी ॥ ६ ॥

विटंका प्रतिकूला च सोमनन्दा च विश्रुता। करतोया वेत्रवती वेदिका वेणुका च या ॥ ७ ॥

आत्रेय गंगा वैतरणी काश्मीरी ह्लादिनी च या। प्लावती शवित्रासा कल्माषा संशिनी तथा ॥ ८ ॥

वशिष्ठा च ऊपापा च सिन्धु वत्यारूणी तथा। ताम्रा च त्रिसन्ध्या च तथा मन्दाकिनीपरा ॥ ९ ॥

तैलिकाह्नी च पारा च दुन्दुभिर्नकुली तथा। नीलगन्धा च बोधा च पूर्णचन्द्रा शशिप्रभा ॥ १० ॥

अमरेशं प्रभासं च नैमिषं पुष्करं तथा। आषाढ़िं डिण्डिमारत्नं भारभूतं वलाकुलम् ॥ ११ ॥

हरिश्चन्द्रं परं गुह्यं मध्यं मध्यम केश्वरम्। श्री पर्वत समाख्यातं जलेश्वर मतः परम् ॥ १२ ॥

आम्नात केश्वरं चैव महाकालं तथैवच। केदार मुत्तमं गुह्यं महाभैरवमेव च ॥ १३ ॥

गयां चैव कुरुक्षेत्रं गुह्यं कनखलं तथा। विमलं चन्द्रहासं च माहेन्द्रं भीम मष्टकम् ॥ १४ ॥

वस्त्रापद रुद्र कोटिम विमुक्त महाबलम् । गोकर्णम् भद्रकर्णम् च माहेशं स्थानमुत्तमम् ।। १५ ।।
छागलाह्वं द्विरण्डं च कर्कोटं मण्डलेश्वरम् । कालञ्जर वनं चैव देवदारुवनं तथा ।। १६ ।।
शंकुकर्णं तथैवेह स्थलेश्वर मतः परम् । गंगाद्याः सरितः सर्वाः समुद्राश्च सरांसि च ।। १७ ।।
एता नद्यश्च तीर्थानि गुह्यक्षेत्राणिसर्वशः । तानि सर्वाणि कुम्भेस्मिन् विशन्तु ब्रह्म शासनात् ।। १८ ।।

⊙ फूल कलश पर छोड़ दे ⊙ दूसरा फूल लेकर निम्न मन्त्र पढ़े—

।। ओम् कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्रः समाश्रितः । मूले त्वस्य स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः ।।
कुक्षौ तु सागराः सप्त सप्तद्वीपा वसुन्धरा । ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः ।।
अंगैश्च सहिताः सर्वे कलशं तु समाश्रिताः । देवदानव संवादे मथ्यमाने महोदधौ ।।
उत्पन्नोऽसि तदा कुम्भ विधृतो विष्णुना स्वयम् । त्वत्तोये सर्वतीर्थानि देवाः सर्वे त्वयि स्थिताः ।।
त्वयि तिष्ठन्ति भूतानि त्वयि प्राणाः प्रतिष्ठिताः । शिवः स्वयं त्वेमासि विष्णुस्त्वं च प्रजापतिः ।।
आदित्या वसवो रुद्राः विश्वेदेवाः सपैतृकाः । त्वयि तिष्ठन्ति सर्वेऽपि यतः कामफलप्रदाः ।।
त्वत् प्रसादादिमं कर्म कर्त्तुमीहे जलोद्भव । सान्निध्यं कुरु मे देव प्रसन्नो भव सर्वदा ।।
क्षेम कर्त्ता, तुष्टि कर्त्ता, पुष्टि कर्त्ता, वरदो भव ।।

⊙ फूल कलश पर छोड़ दे

।। बलिप्रदान ।।

⊙ हाथ में जल लेकर प्रतिज्ञा संकल्प करे

।। अद्य शुभ पुण्यतिथौ……गोत्रः…… नामाऽहम् करिष्यमाण देवस्नपनांग भूतं सिद्धार्थ घृत पायसैः
रुद्राय बलिप्रदानं करिष्ये ।।

⊙ हाथ का जल सामने भूमि पर छोड़ दे

⊙ एक पत्ता पर खीर तथा खीर के ऊपर २ बूंद घी छोड़कर लेले

⊙ देव स्नान मंडप से बाहर जाकर पूर्व दिशा में पत्ता सहित खीर रख दे

⊙ हाथ में जल लेकर खीर के पास छोड़ दे। मन्त्र पढ़े—

।। ओम् त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारूकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ।।
ओम् रुद्राय एष सिद्धार्थ घृत पायस बलि न मम ।।

⊙ हाथ जोड़ कर प्रार्थना करे

।। ओम् भूताधिपेभ्यः सर्वेभ्यः प्रेत प्रेभ्यस्तथैव च।
इमं हि पायस बलि ददामि शुभ हेतवे ।।

टिप्पणी— १. कुछ पद्धतिकारों ने बलि प्रदान के पूर्व शिल्पिवर्ग मूर्त्ति बनाने वाले की पूजा भी लिखते हैं।

॥ अष्टदिक् पालबलि ॥

⊙ कुछ पद्धतिकारों ने इस स्थान पर अष्टदिक्पालों को भी बलिप्रदान लिखा है जो निम्न प्रकार है—

⊙ क्रमश: १-१ पत्ता पर १-१ ग्रास खीर तथा खीर के ऊपर २ बूंद घी छोड़कर ले ले

⊙ स्नान मण्डप के चारो— [पूर्व-पश्चिम-उत्तर-दक्षिण] दिशा तथा चारो कोणों में खीर सहित १-१ पत्ता रखे और जल छोड़ दे ॥ मन्त्र पढ़ता रहे—

१. पूर्व में— ओम् इन्द्राय सांगाय इमं बलिं समर्पयामि । भो इन्द्र दिशं रक्ष बलिं भक्ष ममाभ्युदयं कुरु ॥ अनेन बलिदानेन इन्द्रः प्रीयताम्

२. अग्निकोण में— ओम् अग्नये सांगाय इमं बलिं समर्पयामि । भो अग्ने दिशं रक्ष बलिं भक्ष ममाभ्युदयं कुरु ॥ अनेन बलिदानेन अग्निः प्रीयताम्

३. दक्षिण में— ओम् यमाय सांगाय इमं बलिं समर्पयामि । भो यम दिशं रक्ष बलिं भक्ष ममाभ्युदयं कुरु ॥ अनेन बलिदानेन यमः प्रीयताम्

४. नैर्ऋत्य में— ओम् निर्ऋतये सांगाय इमं बलिं समर्पयामि । भो निर्ऋते दिशं रक्ष बलिं भक्ष ममाभ्युदयं कुरु ॥ अनेन बलिदानेन निर्ऋतिः प्रीयताम्

५. पश्चिम में— ओम् वरुणाय सांगाय इमं बलिं समर्पयामि । भो वरुण दिशं रक्ष बलिं भक्ष ममाभ्युदयं कुरु ॥ अनेन बलिदानेन वरुणः प्रीयताम्

६. वायव्य में— ओम् वायवे सांगाय इमं वलिं समर्पयामि । भो वायो दिशं रक्ष वलिं भक्ष ममाभ्युदयं कुरू ।। अनेन वलिदानेन वायुः प्रीयताम्

७. उत्तर में— ओम् सोमाय सांगाय इमं वलिं समर्पयामि । भो सोम दिशं रक्ष वलिं भक्ष ममाभ्युदयं कुरू ।। अनेन वलिदानेन सोमः प्रीयताम्

८. ईशान में— ओम् ईशानाय सांगाय इमं वलिं समर्पयामि । भो ईशान दिशं रक्ष वलिं भक्ष ममाभ्युदयं कुरू ।। अनेन वलिदानेन ईशानः प्रीयताम्

।। स्नानमंडप रक्षाभिधान ।।

⊙ वलि प्रदान कर हाथ-पांव धो ले ⊙ स्नान मंडप में फिर आकर अपने स्थान पर बैठे

⊙ आचमन—प्राणायाम कर ले

⊙ बांए हाथ में पीली सरसों ले ले ⊙ दाहिने हाथ से थोड़ा-थोड़ा स्नान मण्डप में चारो ओर छिड़के ।। मन्त्र पढ़े—

।। ओम् पूर्वे रक्षतु देवेन्द्र आग्नेया मग्नि देवता ।।
।। अवाचीं तु यमो रक्षेत् नैर्ऋतीं निर्ऋतिस्तथा ।।
।। प्रतीचीं वरुणो रक्षेद् वायवीं वायु देवता ।।
।। सोमो रक्षे दुदीचीन्तु ईशानी मीश देवता ।।
।। ऊर्ध्वम् रक्षतु धातावो ह्यधो ऽनन्तश्च रक्षतु ।।
।। अनुक्त मपि यत् स्थानं रक्ष त्वीशो ममाद्रि धृक् ।।

⊙ कुछ लोग यहाँ पर निम्नलिखित वैदिक मन्त्रों का पाठ भी करते हैं —जो इस प्रकार है—

॥ १ ॥ ओम् त्रातारमिन्द्रमवितार मिन्द्र ऌ हवे हवे सुहव ऌ शूरमिन्द्रम् ।
हृ्वयामि शुक्रं पुरुहूत मिन्द्र ऌ स्वस्तिनो मघवा धात्विन्द्रः ॥

॥ २ ॥ ओम् अग्निदूतं पुरोदधे हव्यवाह मुपब्रुवे । देवाँ आसाद या विह ॥

॥ ३ ॥ ओम् असि यमो अस्यादित्यो अर्वन्नसि त्रितो गुह्येन व्रतेन ।
असि सोमेन समया विपृक्त आहुस्ते त्रीणि बन्धनानि ॥

॥ ४ ॥ ओम् एषतेनिर्ऋते भागस्तं जुषस्व स्वाहा । अग्निनेत्रेभ्यो देवेभ्यः पुरःसद्भ्यः स्वाहा । यमनेत्रेभ्यो देवेभ्यो दक्षिणा सद्भ्यः स्वाहा । विश्वेदेव नेत्रेभ्यो देवेभ्यः पश्चाद्सद्भ्यः स्वाहा । मित्रावरुण नेत्रेभ्यो वा मरुन्नेत्रेभ्यो वा देवेभ्य उत्तरा सदभ्यः स्वाहा । सोमनेत्रेभ्यो देवेभ्य उपरि सद्भ्यो ऊवस्वद्भ्यः स्वाहा ॥

॥ ५ ॥ ओम् इमं मे वरूण श्रुधी हवमद्याचमृडय । त्वामवस्यु राचके ॥

॥ ६ ॥ ओम् वायुरग्रेगा यज्ञप्रीः साकं गन्मनसा यज्ञम् । शिवोनियुद्भिः शिवाभिः ॥

॥ ७ ॥ ओम् कुविदंग यवमन्तो यवंचिद् यथा दान्त्यनु पूर्वम् पियूय ।
इहे हैषां कृणुहि भोजनानि ये बर्हिषो नम उक्तिं यजन्ति ॥

॥ ८ ॥ ओम् ईशावास्यमिद ऌ सर्वम् यत् किञ्च जगत्यां जगत् ।
तेन त्यक्तेन भञ्जीथा मागधः कस्य स्विद धनम् ॥

॥ ९ ॥ ओम् ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद् विसीमतः सुरुचो वेन आवः ।
सबुध्न्या उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनि मसतश्च विवः ॥

॥ १० ॥ ओम् नमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवी मनु ।
ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ॥

॥ स्नान पूर्व पुण्याह वाचन ॥

⊙ यजमान अपने दक्षिण ४ ब्राह्मण [उत्तर की ओर मुख करके] बिठाए

⊙ ब्राह्मणों के हाथ में जल-फूल-अक्षत दे दे

⊙ हाथ जोड़ कर प्रार्थना करे—

॥ भो ब्राह्मणाः देव स्नपन कर्मणः पुण्याहं भवन्तो ब्रुवन्तु ॥

⊙ ब्राह्मण कहे—

॥ ओम् पुण्याहम् ॥ ओम् पुनन्तुमा देवजनाः पुनन्तु मनसा धियः ।
पुनन्तु विश्वाभूता निजातवेदा पुनीहि मा ॥

⊙ यजमान कहे—

॥ भो ब्राह्मणाः देव स्नपनकर्मणः कल्याणं भवन्तो ब्रुवन्तु ॥

⊙ ब्राह्मण कहे—

।। ओम् कल्याणम् ।। यथेमां वाचं कल्याणी मावदानि जनेभ्यः ।
ब्रह्म राजन्याभ्यां ७ शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय च ।।

⊙ यजमान कहे—

।। भो ब्राह्मणाः देव स्नपन कर्मणः ऋद्धिं भवन्तो ब्रुवन्तु ।।

⊙ ब्राह्मण कहे—

।। ओम् कर्म ऋद्ध्यताम् ।। सत्रस्य ऋद्धिरस्यगन्म ज्योतिरमृता अभूम दिवं पृथिव्या ।
अध्यारुहामा विदाम देवान्त्स्वर्ज्योतिः ।।

⊙ यजमान कहे—

।। भो ब्राह्मणाः देव स्नपन कर्मणः स्वस्ति भवन्तो ब्रुवन्तु ।।

⊙ ब्राह्मण कहे—

।। ओम् स्वस्ति ।। स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्दधातु ।।

⊙ यजमान कहे—

।। भो ब्राह्मणाः देव स्नपन कर्मणः श्री रस्तु-इति भवन्तो ब्रुवन्तु ।।

⊙ ब्राह्मण कहे— ।। अस्तु श्रीः ।।

।। श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्या वहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम् ।।
इष्णन् निषाण मुम् मइषाण सर्वलोकम् मइषाण ।।

⊙ यजमान अक्षत-फूल-जल-द्रव्य लेकर ब्राह्मणों को दक्षिणा दे

।। अद्य कृतस्य देव स्नपन पुण्याह वाचन कर्मणः सांगता सिध्यर्थम् दक्षिणाद्रव्यं गोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो
विभज्य दातु मह मुत्सृजे ।।

⊙ ब्राह्मणों को दक्षिणा दे दे

।। देवस्नान प्रयोग ।।

⊙ यजमान जल-अक्षत लेकर प्रतिज्ञा संकल्प करे

।। अद्य शुभ पुण्यतिथौ...... गोत्रः ...... नामाऽहम् आसु मूर्त्तिषु [अस्यां मूर्त्तौ] [अस्मिन् लिंगे]
देवताधिष्ठान योग्यता सिद्ध्यर्थम् नानाद्रव्योदक कलशैः अर्चाशुद्धि स्नपनं करिष्ये ।।

⊙ हाथ का जल सामने भूमि पर छोड़ दे

⊙ मूर्त्तियों को कलश जलों से स्नान कराए

[वेदी के आगे रखे १२ कलशों से क्रमशः गोमूत्र-गोबर आदि १-१ कलशों का जल कुशा से मूर्त्तियों पर छिड़के—

⊙ १२ कलशों का क्रम तथा उनका मन्त्र इस प्रकार है—

१. सप्तमृत्तिका कलश— ओम् अग्निमूर्धा दिवः ककुत् पतिः पृथिव्या अयम्। अपां रेता ७ सिजिन्वति ।।
ओम् सत् संस्काराय देवानां मलस्यपरिशुद्धये। मृतस्नया स्नापयाम्येव देवता तुष्टिहेतवे ।।

२. वृक्षछाल जल— ओम् यज्ञा यज्ञा वो अग्नये गिरा गिरा च दक्ष से।
प्र प्र वय ममृतं जातवेदसं प्रियं मित्रं न श ७ सिषम् ।।
ओम् यज्ञियवृक्षत्वक् कषायैर् निर्मलैः परिशोधितैः।
उष्णैर्मलहरैः सम्यक् स्नापयामि सुखाप्तये ।।

३. गोमूत्र से— ओम् तत् सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात् ।।
ओम् गवां योनिसमुद्भूतैः पवित्रैः शुद्धि कारकैः। गोमूत्रैः स्नापयाम्येव देव संस्कार सिद्धये ।।

४. गोबर से— ओम् गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्य पुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहो पह्वये श्रियम् ।।
ओम् सुरभेर्गात्र सम्भूतैः पावनै शुभ कारकैः। गोमयैः स्नापयाम्येव सज्योतिर्मल शुद्धये ।।

५. भस्म से — ओम् मानस्तोके तनये मान आयुषि मानो गोषुमानो अश्वेषुरीरिषः।
मानो वीरान् रुद्रभामिनोवधी हविष्मन्तः सदमित्वा हवामहे ।।
ओम् वहि्नस्तृणादीनां सुभस्म प्रकरोति यत्। तथा मूर्त्ति समूहानां भस्मसु च विधास्यति ।।

६. गन्धोदक से— ओम् त्वां गन्धर्वा अखनँस्त्वा मिन्द्रस्त्वां बृहस्पतिः ।
त्वा मोषधे सोमो राजा विद्वान् यक्ष्मा दमुच्यत् ।।
ओम् शुद्धैर्मनोहरैर्दिव्यैर्गन्धादि सहितैर्जलैः । स्नापयामि प्रसन्नार्थं माशु सिद्धि कराय ते ।।

⊙ शेष अन्य ६ कलशों से क्रमशः स्नान कराए ।। मन्त्र पढ़े—

७. सातवां कलश— ओम् नमः शम्भवाय मयोभवाय च नमः शंकराय च ।
मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च ।।
ओम नमोदेवाधिदेवाय गुणानां वृत्तिदाय च । गन्धतोयैः स्नापयाम्यत्र आहिमां परमेश्वर ।।

८. आठवां कलश— ओम् ह ऊँ सः शुचिषद् वसुरन्तरिक्षसद्धोता वेदिषद तिथिर् दुरोणसत् ।
नृ ष द्वर स दृत सद्व्योम सदब्जा गोजाऋतजा अद्रिजा ऋतं बृहत् ।।
ओम् नमस्ते वेवदेवेश नमस्ते दैत्यसूदन । सर्वगन्ध समायुक्तैर्वारिभिः स्नापयाम्हम् ।।

९. नवां कलश— ओम् यातेरूद्र शिवातनूरा घोरा पाप काशिनी ।
तया नस्तन्वा शन्तमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि ।।
ओम् नमो दैवतनाथाय पुरुषेच्छा कराय च । गन्ध संभार संयुक्तं जलं दास्यामि यत्नतः ।।

१०. दसवां कलश— ओम् विष्णो रराटमसि विष्णोः श्नपत्रे स्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि वैष्णव मसि विष्णवेत्वा ।।
ओम् प्रधानायाप्रमेयाय कार्याय कारणाय च । जलैर्मृगमदैर्युक्तैः स्नापयामि स्वकाम्यया ।।

११. ग्यारहवां कलश— ओम् ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद् विसीमतः सुरुचो वेन आवः ।
स बुध्न्या उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्चविवः ।।
ओम् नमोहिरण्य गर्भाय हिरण्य कवचाय च । नमो ब्रह्मस्वरूपाय स्नापयामि शुभैर्जलैः ।।

१२ बारहवां कलश— ओम् शतं वो अम्ब धामानि सहस्रमुतवारुहः । अधाशत क्रत्वोयूयमिमम्मे अगदङ्कृत ।।
ओम् देवदेव परं शान्तं विश्वस्याघौघनाशकम् । शुद्धवारिस्थकुम्भेन स्नापयामि शुभाप्तये ।।

⊙ स्नान कराने के बाद शुद्ध वस्त्र से मूर्त्तियों को पोछ दे

⊙ मूर्त्तियों पर दूब-सफेद फूल चढ़ाकर पीला कपड़ा छोड़ दे ।। मन्त्र पढ़े—

ओम् तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् । पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शत ँ शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्चशरदः शतम् ।।

।। ओम् नमोऽस्तु वरदा यायु नमस्ते जगद् धारिणे । एभिर्दूर्वाक्षतैः पुष्पैरर्चा मीह शुभाप्तये ।।
श्वेतं सुनिर्मलं शान्तं तन्तुसंतान संयुतम् । देवेभ्योऽहं प्रदास्यामि सुरसन्तुष्टिकारकम् ।।

टिप्पणी— १. कुछ पद्धतिकारो ने सफेद महीन वस्त्र से मूर्त्तियों को ढकने को लिखा है
२. कुछ पद्धतिकार "तच्चक्षुर्देवहितम्" मन्त्र की जगह "सुजातो ज्योतिः…"यह मन्त्र लिखा है। दोनो एक ही कार्य परक है कोई मन्त्र पढ़े ।।
३. शिवलिंग हो तो दूब-फूल और अक्षत, चढ़ाए

⊙ फूल लेकर प्रार्थना करे—

॥ ओम् उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते देवयन्तस्त्वे महे । उप प्रयन्तु मरुतः सुदानव इन्द्र प्राशुर्भवासचा ॥

ओम् उत्तिष्ठोत्तिष्ठ देवेश त्यक्तलौकिक वृत्तक । अघौघ संक्षयं कृत्वा सर्वसौख्य प्रदोभव ॥

⊙ फूल मूर्त्तियों के सामने छोड़ दे

॥ इति प्रथमवेदी स्नान कर्म ॥

॥ द्वितीय वेदी स्नान विधि ॥

⊙ यजमान मूर्त्तियों के ऊपर से कपड़ा हटा दें

⊙ मूर्त्तियों को प्रथम वेदी से उठा कर द्वितीय वेदी पर पश्चिम की ओर मुख करके रखे ॥ मन्त्र पढ़े —

ओम् भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।

स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवा ꣳ सस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः ॥

॥ ओम् इदं भद्रासनं दिव्यं यज्ञकाष्ठ विनिर्मितम् । मध्यवेद्यां स्थापयाम्यत्र देवानां स्थिर हेतवे ॥

देव देव समागच्छ पीठेऽस्मिन् सुमनोहरे । प्रसीद पूजयिष्यामि यथा मम मतिस्तथा ॥

 टिप्पणी—कुछ पद्धतिकारों ने मूर्त्तियों को मध्य वेदी पर भी पूर्व मुख रखने को लिखा है । उद्योत में पश्चिम मुख रखने को लिखा है - वही प्रक्रिया इस पद्धति में ली गयी है .

⊙ मूर्त्ति के हाथ में बंधा ऊन का सूत खोल दे ॥ मन्त्र पढ़े—

ओम् मुञ्चामि त्वा हविषा जीव नाथ कम ज्ञात यक्ष्मावुत राजयक्ष्मात् ।
ग्राहिर्जग्राह यदि वैतवेनं तस्या इन्द्राग्नी प्रमु मुक्त मेनम् ॥

⊙ लाल कच्चा सूत लेकर पुनः मूर्त्तियों के दाहिने हाथ में बांध दे ।

[देवी के बाएं हाथ में बांधे ⊙ शिवलिंग में लपेट दे] मन्त्र पढ़े— ॥ ओम् शिपिविष्टाय ते नमः ॥

॥ नेत्रोन्मीलन ॥

⊙ १ चांदी की कटोरी में शहद घी मिला कर रखे ⊙ सबको हटा दे या पर्दा कर दे

⊙ एक सोने की सलाई से चांदी के कटोरे में रखे शहद-घी से मूर्त्तियों में नेत्रों को बना दे

१. [शिवलिंग हो तो पूरे लिंग को बराबर-बराबर तीन भागों में बांटकर बीच वाले भाग में मुख की कल्पना करे उसी भाग में नेत्र स्थान की कल्पना कर शहद-घी लगाए]

टिप्पणी— १. लघुदर्पण में ११२ अंगुल लम्बा सूत्र बांधने को लिखा है

२. अग्नि पुराण में लिखा है—विष्णवे शिपिष्टः—इस मन्त्र से ऊन के सूत से पट्‌द वस्त्र में सरसों की पोटली बांध कर मूर्त्ति के दाहिने हाथ में पोटली (कौतुक) कंगन (कंकण) बांध दे

३. कुछ लोग आचार्य को भी कौतुक बांधने को लिखते हैं ।

४. शिवलिंग में लाल सूत इस प्रकार बांधना चाहिए कि शिवलिंग तीन भागों में विभाजित हो जाय

२. [मूर्त्तियों में नेत्र बना है तो घी-शहद केवल लगा दे]

⊙ नेत्रोन्मीलन का मन्त्र—

॥ १ ॥ ओम् चित्रं देवानां मुदगाद नीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः ॥

॥ २ ॥ ओम् अग्निर् ज्योतिर् ज्योतिरग्निः स्वाहा सूर्यो ज्योतिर् ज्योतिः सूर्यः स्वाहा ।
अग्निर्वर्चो ज्योतिर्वर्चः स्वाहा । सूर्यो वर्चो ज्योतिर्वर्चः स्वाहा । ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा ॥

॥ ३ ॥ ओम् आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च ।
हिरण्य येन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन् ॥

॥ ४ ॥ ओम् देवस्य प्रतिमायाश्च सुष्ठु तेजोऽभिवृद्धये ।
द्विचक्षुषोश्च निर्माणं करोमि स्वात्म सिद्धये ॥

॥ ५ ॥ ओम् दिव्याञ्जनं मधुघृतं रजतस्थं शुभान्वितम् ।
दास्यामि सौम्य दृष्ट्यर्थम् सुवर्णस्य शलाकया ॥

टिप्पणी— १. चित्रं देवानाम्—इस मन्त्र की आधी ही ऋचा पढ़ी जाती है
२. वाणलिंग में नेत्रोन्मीलन नहीं होता है
३. पद्धतिकारों ने शस्त्र से शिल्पी नेत्र बनाए—यह भी लिखा है
४. नेत्रोन्मीलन के समय मूर्त्ति के पास आचार्य के अतिरिक्त दूसरा कोई व्यक्ति नहीं रहे अथवा किसी वस्त्र से परदा कर दे, कोई देखे नहीं ।

⊙ नेत्रों के मध्य में शहद-घी से पुतली बना दे (टिप्पणी भी देखें)

।। ओम् सौम्य रूपस्य सिद्ध्यर्थं मक्ति यक्ष्म पुट द्वयम् । ऊर्ध्वाधस्तु पृथग्भूतं कल्पयामि सुखाप्तये ।।

⊙ मूर्त्तियों के समीप खीर तथा अन्य नैवेद्य वस्तु रख दे ⊙ १. शीशा (मुख देखने के लिए) मूर्त्तियों के पास रख दे

⊙ मूर्त्तियों पर जल छिड़क दे ।। मन्त्र पढ़े—

।। ओम् पुष्करादि समीचीनैस्तीर्थस्थै र्वारिभिः । मार्जयामि देवदेवेशं सदा ह्यमर वल्लभम् ।।

⊙ कुछ लोग आठ दीप जला कर रखते हैं और निम्न मन्त्र पढ़ते है—

।। ओम् अष्टौ दीपान् प्रदास्यामि पायस भक्ष्यमुत्तमम् । भोज्यं सुन्दरमादर्शम् दर्शयामि सुखाप्तये ।।

टिप्पणी— १. शिवलिंग में पुतली बनाने का एक अन्य मन्त्र यह है—

।। ओम् लिंगस्य प्रतिमायाश्च सुष्ठुतेजोऽभिवृद्धये । चक्षुर्द्वयस्य निर्माणम् करोमि स्वात्म सिद्धये ।।

२. विष्णु में — ओम् नमो भगवते विष्णवे लक्ष्मीप्रियाय ऋद्धि सिद्धि प्रियाय च हिरण्य रेतसे पराय परमात्मने विश्वरूपाय ते नमः ।।

३. देवी में— ओम् नमो भगवत्यै देव्यै दुर्गायै हिरण्य रेतस्यै परमात्मायै विश्वरूपिण्यै ते नमः ।।

४. राधाकृष्ण में— ओम् नमो भगवते श्री कृष्णाय हिरण्यरेतसे पराय परमात्मने विश्वरूपाय राधा प्रियाय ते नमः ।।
ओम् नमो भगवत्यै राधायै हिरण्यरेतस्यै परायै परमात्मायै विश्वरूपायै कृष्ण प्रियायै ते नमः ।।

—इस तरह श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, गणेश, सूर्य, सीता, पार्वती आदि में योजना कर ले

⊙ उसके बाद गोदान करे—

॥ अद्य कृतस्य नेत्रोन्मीलनकर्मणः सांगता सिद्ध्यर्थम् तथा च देवानां सौम्यदृष्टि सिद्ध्यर्थमिदं गोनिष्क्रय भूतं द्रव्यमाचार्याय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

⊙ अन्य ब्राह्मणों को भी दक्षिणा दे ⊙ शिल्पी को द्रव्य दे

⊙ इस द्वितीय वेदी के सामने ११ कलश रखे
[ये कलश दक्षिण से उत्तर के क्रम से एक पंक्ति में रखे]

⊙ इन ११ कलशों में क्रमशः (दक्षिण की ओर से प्रारम्भ कर उत्तरोत्तर)

१—सप्तमृत्तिका २—पंचवृक्ष छाल जल ३—गोमूत्र ४—गोबर
५—भस्म ६—चंदन मिश्रित जल शेष—५ में गुलाब जल=भर दे

⊙ कलशों में रक्षा सूत्र (कलावा) बांध दे ⊙ पंच पल्लव छोड़ दे

⊙ फूल लेकर कलश स्थापन करे ॥ मन्त्र पढ़े—

॥ ओम् आजिघ्र कलशं मह्यात्वा विशन्त्विन्दवः । पुनरूर्जा निवर्तस्व सा नः सहस्रन्धुक्ष्वोरुधारा पयस्वती पुनर्मा विशताद् रयिः ॥

⊙ फूल कलशों पर छोड़ दे

⊙ हाथ में जल लेकर कहे—

॥ अद्य आसु मूर्त्तिषु शिल्पि शस्त्र दोष निवृत्यर्थम् एकादश कलशोदकेन देवान् स्नापयामि ॥

⊙ हाथ का जल सामने भूमि पर छोड़ दे

⊙ मूर्त्तियों में घी-शहद मिला कर लगा दे ॥ मन्त्र पढ़े—

॥ ओम् इमं मे वरूण श्रुधी हवमद्या च मृडय । त्वा मवस्युरा चके ॥

⊙ क्रमशः ११ कलशों के जल से स्नान कराए ॥ क्रमशः मन्त्र पढ़े—

॥ १ ॥ मृत्तिका कलश—

॥ ओम् अग्नि मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम् । अपा ꣳ रेता ꣳ सि जिन्वति ॥

॥ २ ॥ वृक्ष छाल जल कलश—

॥ ओम् यज्ञा यज्ञा वो अग्नये गिरा गिरा च दक्षसे । प्र प्रवय ममृतं जातवेदसं प्रियमित्रं नश ꣳ सिषम् ॥

॥ ३ ॥ गोमूत्र कलश—

॥ ओम् तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि । धियो योनः प्रचोदयात् ॥

॥ ४ ॥ गोबर कलश से—

॥ ओम् गन्धद्वारां दुराधर्षाम् नित्य पुष्टां करीषिणीम् । ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहो पह्वये श्रियम् ॥

॥ ५ ॥ भस्म कलश से—

॥ ओम् प्रसद्य भस्मना योनि मपश्च पृथिवी मग्ने ।
स ऽ सृज्य मातृ मिष्ट्वं ज्योतिष्मान् पुनराऽसदः ॥

॥ ६ ॥ गन्धोदक कलश से—

॥ ओम् गन्ध द्वारां दुराधर्षाम् नित्यपुष्टां करीषिणीम् ।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहो पह्वये श्रियम् ॥

⊙ शेष पांच कलशों के जल से क्रमशः स्नान कराए ॥ ५ मन्त्र इस प्रकार है—

१. ओम् नमः शम्भवाय मयोभवाय च नमः ।
शंकराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च ॥

२. ओम् ह ऽ सः शुचिषद् वसुरन्तरिक्ष सद्धोतावेदिषद तिथिर्दुरोणसत् ।
नृषद्वर सदृतसद्व्योम सदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं बृहत् ॥

३. याते रुद्र शिवा तनूर घोरा पाप काशिनी । तयानस्तन्वा शन्तमया गिरिशन्ताभि चाक शीहि ॥

४. विष्णो रराटमसि विष्णोः श्नप्त्रेस्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोसि । वैष्णवमसि विष्णवे त्वा ॥

५. ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद् विसीमतः सुरुचो वेन आवः ।
स बुध्न्या उपमा अस्य विष्ठाः सतश्चयोनिमसतश्चविवः ।।

⊙ स्नान कर शुद्ध वस्त्र से मूर्त्तियों को पोछ दे

⊙ मूर्त्तियों पर दूर्वा—अक्षत-फूल चढ़ा दे ।। मन्त्र पढ़े—

।। ओम् शतं वो अम्ब धामानि सहस्रमुत वारुहः ।
अधाशत क्रत्वो यूय मिमम्मे अगदङ्कृत ।।

⊙ मूर्त्तियों पर कपड़ा छोड़ कर ढंक दे

⊙ चांदी की कटोरी, सोने की सलाई तथा सुवर्ण और गौदान करे

।। अद्य इदं सहिरण्यं गोनिष्क्रय द्रव्यम् आचार्याय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।।

⊙ अन्य ब्राह्मणों को दक्षिणा दे

टिप्पणी— ⊙ चांदी की कटोरी, सोने की सलाई मूर्त्तिकार शिल्पी को देना चाहिए उसके अभाव में आचार्य को दे

⊙ एक वेदी से दूसरी वेदी पर लाने के समय शंख भेरी आदि बाजा बजाना चाहिए तथा सुहासिनी स्त्रियां मंगलगान करती रहें ।।

⊙ फूल लेकर मूर्त्तियों की प्रार्थना करे—

॥ ओम् उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते देवयन्तस्त्वे महे ।
उपप्रयन्तु मरुतः सुदानव इन्द्र प्राशुर्भवा सचा ॥

॥ उत्तिष्ठोत्तिष्ठ देवेश जगदाधार विग्रह । करिष्यमाणां पूजां मे गृहाणानुग्रहं कुरू ॥

⊙ फूल मूर्त्तियों पर छोड़ दे । ⊙ मूर्त्तियों पर से कपड़ा हटा दे

⊙ मूर्त्तियों को द्वितीय वेदी से उठा कर तीसरी वेदी पर लाया जाय ॥ मन्त्र पढ़े—

ओम् भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवा ँ सस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः ॥

ओम् आगच्छ वरदो देवो मम भक्तिः स्थिरा सदा ।
स्नानार्थम् स्थापयामीह भद्रपीठे सुशोभने ॥

॥ इति द्वितीय वेदी स्नान ॥

॥ तीसरी वेदी ॥

⊙ तीसरी वेदी (उत्तर वाली वेदी) पर मूर्त्तियों को स्थापित करे

⊙ वेदी के पास चारो ओर ८ कलश रखे

[४ कलश चारो कोने तथा ४ कलश चारो ओर [पूर्व-पश्चिम-उत्तर-दक्षिण की ओर रखे]

⊙ इन आठों कलशों में रक्षा-सूत्र (कलावा) बांध दे

⊙ आठों कलशों में थोड़ा-थोड़ा जल भर दे ⊙ पंच पल्लव छोड़ दे

[इन कलशों को समुद्र संज्ञक कलश कहते हैं]

⊙ इन आठ कलशों में जल-पल्लव के अतिरिक्त क्रमशः निम्न वस्तु भी रखे

[क्रमशः १-१ कलश में १-१ वस्तु रखे]

१. पूर्व कलश में — क्षारोदक	२. अग्निकोण कलश में — दूध
३ दक्षिण कलश में — दही	४. नैर्ऋत्य कोण कलश में — घी
५. पश्चिम कलश में — ईख का रस	६. वायव्यकोण कलश में — सुरोदक
७. उत्तर दिशा कलश में — स्वादूदक	८. ईशानकोण कलश में — नारियल जल

⊙ इन आठ कलशों के अलावा ६२ कलश निम्न प्रकार से रखे :—

⊙ वेदी के पश्चिम ये कलश रखे जायेंगे ⊙ रखने का क्रम—

१. पहली पंक्ति में — ५ कलश	२. दूसरी पंक्ति में — २० कलश
३. तीसरी पंक्ति में — २ कलश	४. चौथी पंक्ति में — ६ कलश
५. पांचवी पंक्ति में — १४ कलश	६. छठी पंक्ति में — १० कलश
७. सातवी पंक्ति में — ४ कलश	⊙ —इसी छठी पंक्ति में—१ अतिरिक्त कलश [१० कलशो से ४ अंगुल की दूरी पर]

⊙ [इन ६२ कलशों को दक्षिण से उत्तरोत्तर के क्रम में रखना चाहिए]

⊙ [मूर्त्तियों को इसी क्रम से स्नान कराया जायगा]

⊙ इन सभी ६२ कलशों में रक्षासूत्र (कलावा) बांध दे ⊙ सब में पंच पल्लव तथा थोड़ा-थोड़ा जल भर दे

⊙ क्षारोदक—समुद्र जल या खारे कुआं का जल लेना चाहिए

⊙ सुरोदक—ईख के रस में अदरक छोड़ दे—यही सुरोदक है

⊙ गर्भोदक से नारिकेल (नारियल) का जल लिया जाता है

⊙ स्वादूदक—का अर्थ स्वादिष्ट जल है अर्थात् सुन्दर पीने योग्य जल। गुलाब जल केवड़ा जल आदि ले सकते हैं।

⊙ पंच पल्लव तथा जल के अतिरिक्त इन ९२ कलशों में निम्न वस्तुएँ निम्न प्रकार से रखे—

१ प्रथम पंक्ति — १. पहली पंक्ति के— ५ कलशों में— शुद्ध जल

२ दूसरी पंक्ति— १. दूसरी पंक्ति के— २० कलशों में— क्रमशः—

१. पहले में—	८ पल सप्तमृत्तिका	२. दूसरे में—	जल
३. तीसरे में—	७ पल गोबर	४. चौथे में—	जल
५. पांचवे में—	१२ पंल गोमूत्र	६. छठे में—	जल
७. सातवे में—	१ मुट्ठी भस्म	८. आठवे में—	जल
९. नवे में—	३ पल पंचगव्य	१०. दसवे में—	जल
११. ग्यारहवे में—	१६ पल दूध	१२. बारहवे में—	जल
१३. तेरहवे में—	२० पल दही	१४. चौदहवे में—	जल
१५. पन्द्रहवे में—	७ पल घी	१६. सोलहवे में—	जल
१७. सत्रहवे में—	३ पल शहद	१८. अठारहवे में—	जल
१९. उन्नीसवे में—	३ पल शक्कर	२०. बीसवे में—	जल

टिप्पणी— ४ तोला का एक पल होता है

